देहरादून,पौड़ी-गढ़वाल व अल्मोड़ा से प्रकाशित | www.page3news.in | नगर संस्करण वर्ष 15 अंकः 143 पृष्ठ : 8 मूल्यः एक रूपए

विचार-प्रवाह...सबसे बड़ी गुत्थी



# पेज थ्री

देहरादून, शनिवार, 5 सितंबर 2020




मौसम अधिकतम 31.0° न्यूनतम 22.0°

38040.57


2 चीन के राष्ट्रपति ने रद्द किया पाक दौरा

7 निजी कारणों से आईपीएल से हटे भज्जी


## संक्षिप्त समाचार

### कंगना रनौत ने कहा किसी के बाप में दम है तो मुंबई आने से रोके

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**
मुंबई। कंगना रनौत का मुंबई को लेकर दिया गया बयान तूल पकड़ता जा रहा है। रीसेंटली उन्होंने कहा था कि उन्हें मुंबई पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर जैसा लग रहा है। इस पर कई सिलेब्स ने कंगना के विरोध में ट्वीट किया है। कंगना ने शुक्रवार को कहा कि वह 9 को मुंबई पहुंच रही हैं किसी के बाप में हिम्मत है तो रोक ले। इस पर शिवसेना के सांसद संजय राउत ने कहा है आने दें देखेंगे। इतना ही नहीं उन्होंने कंगना को मेंटल कहा है। वहीं उन्होंने यह भी कहा कि वह पीओके चली जाएं वह अपने खर्च पर उन्हें भेज देंगे।

### 12 करोड़ रोजगार गायब, खुशहाली और सुरक्षा गायब

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने बढ़ती बेरोजगारी और देश की आर्थिक बदहाली को लेकर शुक्रवार को नरेंद्र मोदी सरकार पर हमला बोला। उन्होंने ट्वीट कर कहा कि 12 करोड़ नौकरियां खत्म हो गई हैं, देश की खुशहाली और सुरक्षा गायब है लेकिन सवाल पूछिए तो उसका जवाब नहीं मिलेगा। उन्होंने सरकार से मांग की कि वह युवाओं की समस्याओं को हल करे, रोजगार बहाली और परीक्षाओं के रिजल्ट जारी करे।

### शौविक और मिरांडा से छब्ठ की पूछताछ जारी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** मुंबई। फिल्म स्टार सुशांत सिंह राजपूत केस में सीबीआई जांच का आज 15वां दिन है। मामले में ड्रग ऐंगल की जांच कर रही नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो ने बड़ी कर्रवाई की। सुबह 6.30 बजे रिया चक्रवर्ती और सैमुअल मिरांडा के घर एनसीबी ने छापेमारी की। रिया के घर एनसीबी की टीम करीब 4 घंटे तक रही। एनसीबी की टीम रिया के भाई शौविक को पूछताछ के लिए अपने साथ लेकर गई। इससे पहले एक दूसरी टीम ने एनसीबी ऐक्ट के तहत सैमुअल मिरांडा को हिरासत में लिया है।

# शांति के लिए आक्रामक तेवर ठीक नहीं

## रूस से रक्षामंत्री राजनाथ का चीन पर निशाना

- रक्षामंत्री ने मॉस्को में शंघाई कोऑपरेशन ऑर्गनाइजेशन में हिस्सा लिया

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

मॉस्को। चीन के साथ उत्तर और उत्तरपूर्व सीमा पर कायम सैन्य टकराव के बीच भारत के रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने मॉस्को में शंघाई कोऑपरेशन ऑर्गनाइजेशन में हिस्सा लिया। इस दौरान उन्होंने चीन को इशारों में कड़ा संदेश दिया है। सिंह ने साफ कहा है कि क्षेत्रीय स्थिरता शांति के लिए आक्रामक तेवर को खत्म करना जरूरी है। इस दौरान उन्होंने यह भी कहा कि भारत आतंकवाद की निंदा करता है और उन लोगों की भी जो इसका समर्थन करते हैं।

हाल के समय में चीन की तेज होती सैन्य गतिविधियों पर निशाना साधते हुए राजनाथ ने साफ कहा कि एक-दूसरे के प्रति विश्वास, गैर-आक्रामकता और संवेदनशीलता का माहौल SCO क्षेत्र की शांति, स्थिरता और सुरक्षा के लिए अहम है। उन्होंने कहा कि चरमपंथी प्रॉपगैंडा से निपटने के लिए और कट्टरवाद को खत्म करने के लिए ऐंटी-टेरर मकैनिज्म को अपनाया जाना बड़ा फैसला है।

**भारत और चीन के बीच सीमा विवादः** बता दें कि चीन के रक्षा मंत्री वेई फेंघे ने भारत के साथ बैठक का अनुरोध किया है। सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक, चीन के रक्षा मंत्री वेई फेंघे ने अपने समकक्ष भारत के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के साथ शुक्रवार को बैठक के लिए समय मांगा है। हालांकि, अभी तक भारत की ओर से इस पर कोई जवाब नहीं दिया गया है। दोनों देशों के बीच सीमा विवाद मई से गहराने लगा था जिसके बाद जून और अगस्त में दो बार दोनों देशों की सेनाएं आमने-सामने आ गई थीं। जून में हुए टकराव में भारत के 20 जवान शहीद हो गए थे जबकि चीन अपने हताहतों की संख्या अभी तक छिपा रहा है।

### पाकिस्तान को भी घेरा

सिंह ने यह भी कहा हमें संस्थागत क्षमता चाहिए ताकि पारंपरिक और गैर-पारंपरिक खतरों, आतंकवाद, नशीले पदार्थो की तस्करी और राष्ट्रों के बीच होने वाले अपराधों से निपटा जा सके। वहीं, पाकिस्तान को भी घेरते हुए राजनाथ ने कहा, श्जैसा कि आपको पता है, भारत हर तरीके के आतंकवाद की निंदा करता है और उन लोगों की भी जो इसका समर्थन करते हैं। पाकिस्तान की अंतरराष्ट्रीय मंच पर अपनी मिट्टी में आतंकवाद पनपने से रोकने में असफल होने के लिए काफी किरकिरी हुई है।



**अफगानिस्तान पर जताई चिंता**
बैठक के दौरान सिंह ने कहा, मैं इस बात का भरोसा दिलाना चाहता हूं कि भारत वैश्विक सुरक्षा के विकास के लिए प्रतिबद्ध है। यह पारदर्शी, खुला हुआ, सबको शामिल करके, नियमों के आधार पर और अंतरराष्ट्रीय कानून के मूल्यों के साथ होगा।

रक्षामंत्री ने अफगानिस्तान में मौजूदा हालात पर भी चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि अफगान नेतृत्व वाली और अफगान नियंत्रित शांति प्रक्रिया की दिशा में भारत अफगानिस्तान के लोगों और सरकार का समर्थन करता रहेगा। उन्होंने खाड़ी के देशों क्षेत्र में हालात को लेकर भी चिंता व्यक्त की।

गौरतलब है कि राजनाथ सिंह और चीनी रक्षा मंत्री के बीच होने वाली यह बैठक चीनी रक्षा मंत्री द्वारा अनुरोध के बाद हो रही है।

# एलएसी पर हालात नाजुक और गंभीर

## सेना प्रमुख बोले-हर चुनौती के लिए सेना तैयार

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

जम्मू । चीन के साथ नए सिरे से बढ़े तनाव के बीच थलसेना अध्यक्ष जनरल एमएम नरवाने लद्दाख दौरे पर हैं। इस दौरान उन्होंने सेना की तैयारियों का जायजा लिया। सेना प्रमुख ने कहा कि पूर्वी लद्दाख में वास्तविक नियंत्रण रेखा पर हालात नाजुक है और भारतीय सेना ने चीन की चुनौती का सामना करने के लिए पूरी तैयारी कर ली है। क्षेत्र में सेना की उचित तैनाती की गई है व अधिकारी व जवान हर प्रकार के हालात का सामना करने के लिए सक्षम हैं।

दो दिवसीय दौरे के दूसरे दिन लेह में मीडिया से बातचीत में थलसेना प्रमुख ने कहा कि वास्तविक नियंत्रण रेखा पर चीन की हरकतों को देखते हुए सुरक्षा को पुख्ता बनाने के लिए हर संभव कदम उठाए गया है। ऐसे में हर हाल में सुरक्षा की स्थिति बरकरार रहेगी। बता दें कि चीन द्वारा पैंगोंग झील के दक्षिणी किनारे पर यथास्थिति को एकतरफा बदलने की विफल कोशिशों के कारण हालात तनावपूर्ण हैं। चीन की हरकतों को देखते हुए भारत ने इस क्षेत्र में अतिरिक्त बल और हथियारों की तैनाती को बढ़ा दिया है। इस समय अग्रिम इलाके में सेना के अधिकारी व जेसीओ बुलंद हौसले के साथ चुनौतियों का सामना करने की मुहिम पर हैं। उनसे मिलने के बाद मुझे पूरा यकीन है कि वे हर हाल में देश व सेना का नाम रोशन करेंगे। दौरे के दूसरे दिन शुक्रवार को आर्मी चीफ ने अग्रिम इलाकों का दौरा कर चीन की साजिशों को नाकाम बनाने के लिए की गई ऑपरेशनल तैयारियों का जायजा लिया।

उन्होंने वास्तविक नियंत्रण रेखा पर चीन की चुनौतियों का सामना कर रहे जवानों से भी बातचीत की। आर्मी चीफ शुक्रवार को पूर्वी लद्दाख के फील्ड कमांडरों से सेना की रणनीति पर विचार-विमर्श करने के बाद दिल्ली लौट जाएंगे।

### फील्ड कमांडरों के साथ बैठक

पैगोंग त्सो झील के करीब चीन सेना की घुसपैठ को नाकाम बनाने से वास्तविक नियंत्रण रेखा के मौजूदा हालात पर सेना प्रमुख ने चौदह कोर के कोर कमांडर व अन्य फील्ड कमांडरों से बैठक भी की थी। आर्मी चीफ के दो दिवसीय दौरे से पूर्वी लद्दाख में सेना व जवानों का हौसला दोगुना हो गया है। इस समय बुलंद हौसले के साथ चीन के सामने खड़ी भारतीय सेना ने पैगोंग त्सो झील के निकट रणनीतिक रूप से अहम ब्लैक टॉप चोटी पर कब्जा किया है। उंचाई वाले इस इलाके में भारतीय सेना की मौजूदगी चीन के घातक है।

# बारामूला में सेना ने किए ढेर दो आतंकी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

श्रीनगर। जम्मू-कश्मीर के बारामूला में एक बार फिर सुरक्षाबलों और आतंकियों के बीच मुठभेड़ जारी है। इलाके में तीन आतंकवादियों के छिपे होने की सूचना थी जबकि अभी तक जारी मुठभेड़ में सुरक्षाबलों ने दो आतंकवादियों को मार गिराया है। मुठभेड़ के दौरान आर्मी के मेजर रोहित वर्मा घायल हो गए हैं। उन्हें 92 बेस हॉस्पिटल में शिफ्ट किया गया है।

सुरक्षाबलों को येदिपोरा पट्टन में दो से तीन आतंकियों के छिपे होने के जानकारी मिली थी। इसके बाद सुरक्षाबलों ने सर्च ऑपरेशन शुरू किया। इस दौरान आतंकियों ने सुरक्षाबलों पर फायरिंग शुरू कर दी। अभी तक की खबर के मुताबिक 2 आतंकी मारा जा चुका है जबकि एक अन्य आतंकी अभी भी इलाके में छुपकर फायरिंग कर रहा हैं। अभी दोनों ओर से फायरिंग जारी है।

जानकारी के अनुसार शुक्रवार की सुबह भारतीय सुरक्षाबलों को खुफिया जानकारी मिली थी कि बारामूला के पट्टन के येदीपोरा इलाके में कुछ आतंकी छुपे हुए हैं। क्रॉस फायरिंग में मेजर रोहित वर्मा घायल हो गए, जिन्हें आर्मी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

जानकारी के मुताबिक भारतीय सुरक्षाबलों को खुफिया जानकारी मिली थी कि बारामूला के पट्टन के येदीपोरा इलाके में कुछ आतंकी छुपे हुए हैं। खुफिया जानकारी के आधार पर भारतीय सुरक्षाबलों ने सीआरपीएफ की एक टीम और स्थानीय पुलिस की मदद से इलाके का घेराव करना शुरू कर दिया।

इलाके में जैसे ही सर्च ऑपरेशन शुरू किया गया वैसे ही आतंकियों ने फायरिंग शुरू कर दी। पहले तो आतंकियों से आत्मसमर्पण करने को कहा गया लेकिन आतंकियों ने फायरिंग जारी रखी। इसके बाद सुरक्षाबलों को भी फायरिंग करनी पड़ी।

### मुठभेड़

सेना का मेजर घायल, मुठभेड़ जारी


**Are you Planning to make a Website or already have ?**

*If yes, then we are here to serve you*

**What we do**

**Website Development**
All type of Websites E-Commerce, Hotel Booking, Travel, Bus Ticket Booking, News Portal, Blogs, or as per client requirement.

**Promotion & Branding**
1. Website Promotion & Branding in any country (200+ Countries)
2. Social Media
3. Bulk SMS

**Search Engine Optimisation**
A-2-Z Work to make a Website Search Engine Friendly.
You tell us, we do it.

Contact:
**Gadoli Media Ventures**
Shivam Market, 2nd Floor, Darshan Lal Chowk, Dehra Dun. I Mob: 9319700701, 7579011930
E-Mail: contact@gadoli.in


# टेक्सटाइल में धागे जोड़ते हैं, टेरर में धागे खोलते हैं!

## आईपीएस के प्रोबेशनर्स के साथ पीएम मोदी ने किया संवाद

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुकवार को आईपीएस प्रोबेशनर्स से बात की। देश की सेवा में शामिल होने जा रहे इन अधिकारियों को पीएम मोदी ने ट्रेनिंग प्रक्रिया से लेकर लोकतंत्र और योग तक की महत्ता समझाई। इस दौरान उन्होंने आई ट्रेनी अधिकारियों से संवाद भी किया। उन्होंने इन अधिकारियों को सिंघम बनने से बना किया और कहा कि प्रेम का सेतु जोड़िए।

पीएम ने बिहार कैडर की ट्रेनी आईपीएस तनुश्री को मजेदार अंदाज में टेक्सटाइल और टेरर का फर्क भी समझाया। पीएम ने समझाते हुए कहा, देखिए टेक्सटाइल में धागे जोड़ने होते हैं और टेरर में धागे तोड़ने होते हैं। तो अलग-अलग पहलू के काम करने पड़ेंगे आपको।

पीएम मोदी ने ट्रेनी अधिकारियों को हिदायत दी कि वे फिल्में देखकर उसी तरह अपना रौब झाड़ने की कोशिश न करें। मैं लोगों में अपना एक हुकुम छोड़ दूं और जो ऐंटी सोशल एलिमेंट हैं वो तो मेरे नाम से ही कांपने चाहिए। आप एक बार जनसामान्य के दिलों को जीत लेंगे तो उनका नजरिया अपने आप बदल जाएगा।